कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-23.09.2024

विषय:- थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा 02 शातिर वाहन चोर 1-चंदन गुप्ता व 2-मोहन गिरफ्तार, कब्जे से चोरी गयी 01 अदद बाइक बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के धोखाधड़ी/चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-412/2024 धारा 303(2) बी0एन0एस0 बढ़ोत्तरी धारा 317(2) बी0एन0एस0 थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी से संबंधित वांछित शातिर अभियुक्तगण 1- चन्दन गुप्ता पुत्र भरत प्रसाद गुप्ता निवासी लेढ़ूपुर थाना सारनाथ वाराणसी व 2- मोहन पुत्र जवाहर प्रसाद निवासी खालिसपुर कपिलधारा थाना सारनाथ वाराणसी को दिनांक-22.09.2024 को समय करीब 21.05 बजे फरीदपुर अंडरपास थाना सारनाथ वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त में चोरी गयी 01 अदद बजाज पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की गयी। उक्त गिरफ्तारी/बरादमगी के सम्बन्ध में थाना सारनाथ पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक-13.09.2024 को वादी मुकदमा श्री राकेश यादव पुत्र मिठाई यादव निवासी ग्राम तोफापुर पोस्ट बराई जनपद वाराणसी ने दिनांक 11.09.2024 को अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनकी सिंहपुर गोला रिंगरोड स्थित दुकान के पास ग्राउन्ड से बजाज पल्सर बाइक रजि0 नं0-UP65 CM 8613 को चोरी करने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना सारनाथ मे मु0अ0सं0-412/2024 धारा 303(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0प्रशि0 सौरव पति त्रिपाठी द्वारा सम्पादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1- चन्दन गुप्ता पुत्र भरत प्रसाद गुप्ता निवासी लेढ़ूपुर थाना सारनाथ वाराणसी, उम्र करीब 28 वर्ष।

2- मोहन पुत्र जवाहर प्रसाद निवासी खालिसपुर कपिलधारा थाना सारनाथ वाराणसी, उम्र करीब 33 वर्ष।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्तगण चंदन गुप्ता व मोहन ने पूछताछ करने पर बताया कि हम लोगों ने दिनांक-11.09.2024 को रात्रि मे यह मोटरसाइकिल सिंहपुर के पास ग्राउन्ड से चोरी किया था और आज इसको बेचने के फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहे थे कि आप लोगों ने हमको पकड़ लिया।

बरामदगी का विवरण-

01 अदद बजाज पल्सर मोटरसाइकिल रंग काला वाहन संख्या-UP65 CM 8613 बरामद।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- फरीदपुर अंडरपास थाना सारनाथ वाराणसी से दिनांक-22.09.2024 को समय करीब 21.05 बजे।

आपराधिक इतिहास-

अभियुक्त चन्दन गुप्ता पुत्र भरत प्रसाद गुप्ता निवासी लेढ़ूपुर थाना सारनाथ वाराणसी।

1-मु0अ0सं0 284/2019 धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधि0 थाना जैतपुरा कमिश्नरेट वाराणसी।

2-मु0अ0सं0 412/2024 धारा 303(2),317(2) बी0एन0एस0 थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

अभियुक्त मोहन पुत्र जवाहर प्रसाद निवासी खालिसपुर कपिलधारा थाना सारनाथ वाराणसी।

1-मु0अ0सं0 412/2024 धारा 303(2),317(2) बी0एन0एस0 थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- उ0नि0प्रशि0 सौरव पति त्रिपाठी थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

2- उ0नि0 जगदीश सिंह थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल

पुलिस उपायुक्त

वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।